# भारतीय रिज़र्व बैंक
## RESERVE BANK OF INDIA
www.rbi.org.in

मासंप्रवि (नाग).सं. २११० /01.64.001/2015-16 04 जनवरी, 2016

प्राचार्य/ डीन / कुलसचिव
महात्मा गाँधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा
महोदया/महोदय

**<u>भारतीय रिज़र्व बैंक नीति चुनौती - स्नातक पूर्व/स्नातकोत्तर अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता</u>**

केन्द्रीय बैंक के रूप में भारतीय रिज़र्व बैंक वित्तीय विषयों के प्रति जागरूकता के प्रसार तथा मौद्रिक और आर्थिक विषयों की बेहतर समझ को बढावा देने के लिए प्रतिबध्द है। इस दिशा में, हमें यह घोषणा करते हुए अत्यंत प्रसन्नता हो रही है कि हम देश के चुनिंदी विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों/संस्थाओं में किसी भी विषय का अध्ययन कर रहे स्नातक पूर्व और स्नातकोत्तर के विद्यार्थियों के लिए "भारतीय रिज़र्व बैंक नीति - चुनौती" नामक राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता आयोजित कर रहे हैं।

2. इस तीन चरण की वार्षिक प्रतियोगिता में निबंध लेखन, समस्या का समाधान करने और सहभागियों के प्रस्तुतीकरण कौशल की निम्न पध्दति से जांच की जाएगी :-

- क्षेत्रीय दौर : इसमें किसी दिए हुए विषय पर एक संकाय परामर्शदाता के मार्गदर्शन में 3 या 4 के समूह में विद्यार्थियों को निबंध लिखना होगा। <u>प्रत्येक संस्था से एक ही प्रविष्टि स्वीकार की जाएगी, भले ही किसी संस्था ने अधिक प्रविष्टियां या अनेक समूहों की प्रविष्टियां भारतीय रिजर्व बैंक के विभिन्न कार्यालयों को भेजी हों।</u> निबंध के विषय, अधिकतम शब्द सीमा, आकलन मानदंड, आदि का ब्योरा संलग्न है। विशेषज्ञों के आकलन के बाद सर्वोत्तम निबंध लिखने वाला समूह आंचलिक दौर में प्रवेश पाएगा।

- आंचलिक दौर (पश्चिमी अंचल के लिए पुणे में 09 मार्च 2016 को) : मौद्रिक/आर्थिक विषय पर एक वास्तविक जीवन की समस्या सभी समूहों को पहले ही सौंपी जाएगी और उनसे यह अपेक्षित होगा कि वे विशेषज्ञ पैनल के सामने उस समस्या पर अपना 15 मिनट का

मानव संसाधन प्रबंधन विभाग, भारतीय रिज़र्व बैंक,पोस्ट बॉक्स नं. 15, डॉ.राघवेंद्र राव मार्ग,सिविल लाईन्स, नागपुर-440 001
Human Resources Management Department, Reserve Bank of India, Post Box No.15, Dr. Raghavendra Rao Road, Civil Lines,Nagpur-440 001
फोन / Tel : (0712) 253 2351 फैक्स / Fax : (0712) 2536756 ई-मेल / E-mail : rdnagpur@rbi.org.in,helpnagpur@rbi.org.in

हिंदी आसान है ,इसका प्रयोग बढाइए

Caution: RBI never sends mails, SMSs or makes calls asking for personal information like bank account details, passwords, etc. It never keeps or offers funds to anyone. Please do not respond in any manner to such offers

- दृष्टिकोण प्रस्तुत करें। प्रत्येक अंचल (उत्तर, दक्षिण, पश्चिम और पूर्व अंचल) के सर्वोत्तम समूह राष्ट्रीय दौर में पहुंचेंगे।

- राष्ट्रीय दौर (भारतीय रिज़र्व बैंक, केन्द्रीय कार्यालय, मुंबई में मार्च 2016 के अंतिम सप्ताह में) : मौद्रिक नीति से संबंधित एक विषय सभी समूहों को पूर्वाह्न में सौंपा जाएगा और उनसे यह अपेक्षित होगा कि वे अपराह्न में अपनी 15 मिनट की प्रस्तुत गवर्नर, भारतीय रिज़र्व बैंक की अध्यक्षता वाले चयनित पैनल के समक्ष प्रस्तुत करें। सर्वोत्तम के रूप में चुने गए समूह को विजेता घोषित किया जाएगा।

3. एक आकर्षक रनिंग ट्राफी, जिसकी प्रतिकृतियां राष्ट्रीय विजेताओं को सौंपी जाएंगी, के अलावा विजेता समूह को रु.1.00 लाख का नकदी पुरस्कार भी दिया जाएगा। विजेता समूह के सदस्यों को भारतीय रिज़र्व बैंक में उनकी पसंद के किसी भी विभाग में 3 माह की अवधि के लिए प्रशिक्षु बनने का अवसर दिया जाएगा। द्वितीय स्थान पाने वाले समूह को रु.50,000/- का नकद पुरस्कार और एक ट्राफी प्रदान की जाएगी जबकि राष्ट्रीय अंतिम दौर के अन्य दो समूहों को रु.25,000/- का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। आंचलिक और क्षेत्रीय विजेताओं को क्रमशः रु.15,000/- और रु.10,000/- के नकद पुरस्कार दिए जाएंगे।

4. हम इस विशेष प्रयास में आपकी प्रतिष्ठित संस्था को सहभागी होने के लिए सादर आमंत्रित करते हैं। इस आयोजन में जहां विद्यार्थियों को चुनौतियों का समाधान ढूंढने का महत्वपूर्ण अवसर मिलेगा, वहीं दूसरी ओर उन्हें एक राष्ट्रीय पहचान मिलेगी। इस संबंध में अन्य किसी जानकारी और/या स्पष्टीकरण के लिए आप श्री जी.राजसेकरन, प्रबंधक, भारतीय रिज़र्वबैंक, नागपुर (e-mail id : grajasekaran@rbi.org.in, टेलीफोन : 0712-2806311 या श्री वैश्नव यशराज, प्रबंधक, भारतीय रिज़र्व बैंक, नागपुर (e-mail : yashraj@rbi.org.in, टेलीफोन : 0712-2806406) के साथ संपर्क कर सकते हैं।

भवदीय

टी. किरण कुमार

(टी.किरणकुमार)
उप महाप्रबंधक

अनुलग्नक : यथोक्त

**अनुबंध**

## भारतीय रिज़र्व बैंक नीति - चुनौती - निबंध संबंधी विस्तृत जानकारी और मूल्यांकन के लिए मानदंड

(1) निबंध के लिए विषय - भारत की जनांकिकीय संरचना: अवसर या चुनौतियां?

(2) भाषा - हिन्दी अथवा अंग्रेजी

(3) निबंध की लंबाई - अधिकतम 2000 शब्द

(4) प्रविष्टियां प्रस्तुत करना - निर्धारित समय-सीमा में हार्ड और सॉफ्ट फॉर्म में अलग से प्रेषण पत्र के साथ प्रस्तुत की जानी हैं। यह सुनिश्चित किया जाए कि संबंधित समूह अथवा संस्था से संबंधित जानकारी सिर्फ प्रेषण पत्र में ही होनी चाहिए अन्य जगह पर नहीं।

(5)

| | | |
|---|---|---|
| मूल्यांकन मानदंड | - | कुल अंक 100 |
| भाषा और प्रस्तुतीकरण | - | 30 |
| सामग्री और मौलिकता | - | 30 |
| सिफारिशों और सुझावों की गुणवत्ता | - | 40 |

(6) प्रविष्टियां भिजवाने हेतु पता -

(क) सॉफ्ट कॉपी (पीडीएफ वर्जन) - grajasekaran@rbi.org.in और yashraj@rbi.org.in

(ख) हार्ड कॉपी (12 साइज एरीयल फॉन्ट, 1.5 लाइन स्पेसिंग, A4 साइज पेपर पर एक तरफ प्रिंट आऊट)

क्षेत्रीय निदेशक
(भारतीय रिज़र्व बैंक नीति - चौलेंज - आयोजक समूह मानव संसाधन प्रबंध विभाग)
भारतीय रिज़र्व बैंक
पोस्ट बाक्स सं.15
डॉ. राघवेन्द्र राव मार्ग
सिविल लाइन्स
नागपुर-440 001 (महाराष्ट्र)

(7) उक्त पते पर प्रविष्टियां प्राप्त करने की अंतिम तारीख - **05 फरवरी 2016**